# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 06.09.2025**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।**

## प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (UPSSSC PET) 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया






लखीमपुर खीरी, 06 सितम्बर। जिलाधिकारी खीरी, श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (UPSSSC PET) 2025 को शांतिपूर्ण और सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण व निरीक्षण किया गया । परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली, परीक्षा केन्द्रो पर पुलिस व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों की बारीकी से समीक्षा करते हुये परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने एवं परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त आकाश पुत्र रेशम सिंह को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज दिनांक- 06.09.2025 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 214/2025 धारा 64(1)/87/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आकाश पुत्र रेशम सिंह निवासी ग्राम उमरिया थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

आकाश पुत्र रेशम सिंह निवासी ग्राम उमरिया थाना मोहम्मदी जिला खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.व0उ0नि0 सन्तपाल सिंह राठौर थाना हैदराबाद जनपद खीरी
2.हे0का0 देवेन्द्र सिंह थाना हैदराबाद जनपद खीरी

# **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 75 लीटर अवैध शराब बरामद कर 04 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **75 लीटर अवैध कच्ची शराब व 01 अदद शराब भट्ठी** बरामद कर **04 नफर** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **04 अभियोग** पंजीकृत किया गया।